प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 14.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।







@MahobaPolice

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 14.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.01.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सिद्धबाबा मंदिर ग्राम महोबकंठ के पास हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.घनश्याम अहिरवार पुत्र मइयादीन उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा 2.सत्तार मंसूरी पुत्र गुलाब मंसूरी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा 3.पप्पू श्रीवास पुत्र दयाल श्रीवास उम्र करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया । जिनके कब्जे से मालफड़ 600 रुपये, जामातलाशी 200 रूपये कुल 800 रूपये, 52 अदद ताशपत्ता व अखबारी पेपर बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में मु0अ0सं0- 09/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजेश कुमार
2. हे0कां0 रत्नेश सिंह 3. कां0 रोहित लोधी

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.घनश्याम अहिरवार पुत्र मइयादीन उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा

2.सत्तार मंसूरी पुत्र गुलाब मंसूरी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा

3.पप्पू श्रीवास पुत्र दयाल श्रीवास उम्र करीब 46 वर्ष निवासी ग्राम पिपरी थाना महोबकंठ जनपद महोबा



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

आगामी महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज द्वारा दिनांक 25.12.2024 से चलाये जा रहे विभिन्न चेकिंग अभियानों के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 13.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रमेश उर्फ कामता प्रसाद पुत्र भगवानदास उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम मडवारी थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद नीले रंग की बोरी में 52 अदद क्वार्टर देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम थलौरा व मड़वारी जाने वाले मार्ग ग्राम थलौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 08/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रमेश उर्फ कामता प्रसाद पुत्र भगवानदास उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम मडवारी थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित
2. कां0 धर्वेन्द्र कुमार



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 13.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के मो0 विशाल नगर के पास हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.सोनू पुत्र अखिलेश द्विवेदी उम्र 27 वर्ष 2.टिन्डी पुत्र स्व0 चुन्नीलाल कपड़िया उम्र 42 वर्ष 3.अन्नू पुत्र देवीदीन खंगार उम्र 24 वर्ष 4.राहुल पुत्र बच्चीलाल कपाड़िया उम्र 26 वर्ष समस्त निवासीगण मो0 लौड़ा पहाड़ कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी से 730 रुपये, मालफड़ 840 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय में मु0अ0सं0 17/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
2. हे0कां0 रामकरन सिंह
3. कां0 शैलेन्द्र सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.सोनू पुत्र अखिलेश द्विवेदी उम्र 27 वर्ष नि0 मो0 लौड़ा पहाड़ कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा

2.टिन्डी पुत्र स्व0 चुन्नीलाल कपड़िया उम्र 42 वर्ष नि0 मो0 लौड़ा पहाड़ कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा

3.अन्नू पुत्र देवीदीन खंगार उम्र 24 वर्ष नि0 मो0 लौड़ा पहाड़ कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा

4.राहुल पुत्र बच्चीलाल कपाड़िया उम्र 26 वर्ष नि0 मो0 लौड़ा पहाड़ कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा।



@MahobaPolice